केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में नराकास बैठक का आयोजन

काजरी में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही समीक्षा बैठक का आयोजन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय–2), जोधपुर की छमाही बैठक दिनांक 30.01.2023 को काजरी में आयोजित की गयी। बैठक में केन्द्र सरकार, केन्द्रीय विद्यालयों, शोध संस्थानों के 50 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। नराकास के अध्यक्ष एवं काजरी निदेशक डॉ. ओ.पी. यादव ने कहा कि आज का युग सूचना और तकनीकी का है। सभी सदस्य कार्यालय अपने–अपने कार्यालय में, राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो तथा नवाचारों को आपस में साझा करें। श्री सुरेश कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरि.ग्रेड) ने कहा कि नराकास राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में एक सशक्त समिति है। समिति के सदस्य सचिव एवं उप निदेशक (राजभाषा) श्री नवीन कुमार यादव ने राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रम, राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा राजभाषा नियम, 1976 के प्रावधानों पर प्रकाश डाला तथा सदस्य कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की समीक्षा की। बैठक में पत्रिका के प्रकाशन तथा अन्य गतिविधियों के आयोजन करने पर चर्चा की गयी। केन्द्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसंधान संस्थान की अनुवाद अधिकारी डॉ. कंचन बाला द्वारा संस्थान में आयोजित राजभाषा संबंधी गतिविधियों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक के अंत में सदस्य सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।